पत्र संख्या–26/विविध–06–11/2025 ............................/

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग।**

**आदेश**

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, कटिहार परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, नवगछिया अंतर्गत "Anti Erosion work for (A) Breach Closure between Sp-7 and Sp-8 & Protection work. (B) Restoration of partially damaged Sp-8 and revetment on its U/s face. (C) Restoration of partially damaged embankment between Spur-7 & Spur-8 and its Protection work" से संबंधित कार्य एजेन्डा सं0–220/464/2025 के तहत संवेदक **TRIBENI CONSTRUCTIONS LTD, MD:- SRI DEEPAK AGARWAL, NEW TOWN SQUARE OFFICE NO 4B, CNINAR PARK NEW TOWN RAJARHAT, KOLKATTA, 700136** को कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की निर्धारित तिथि–15.05.2025 थी, परंतु संवेदक द्वारा दिनांक–30.04.2025 तक मात्र 15 प्रतिशत ही कार्य कराया गया। कार्य की धीमी प्रगति के कारण विभागीय पदाधिकारियों द्वारा गुणवत्ता एवं विशिष्टि के अनुरूप कार्य को पूर्ण करने हेतु बार–बार स्मारित किया गया। इसके बावजूद संवेदक द्वारा कार्य को पूर्ण करने में अभिरूचि नहीं ली गयी, जिसके कारण दिनांक–30.04.2025 तक मात्र 15 प्रतिशत ही कार्य पूर्ण हो सका। कार्य को ससमय पूरा करने में अभिरूचि नहीं लेने के कारण मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, कटिहार के पत्रांक–1471 दिनांक–30.04.2025 द्वारा संवेदक को डिबार करने की अनुशंसा विभाग को की गई। तत्पश्चात विभागीय पत्रांक–1957 दिनांक–08.05.2025 द्वारा संवेदक से कारण–पृच्छा की गई।

उक्त के आलोक में संवेदक द्वारा अपना जवाब पत्रांक–**TCL/Naugachia/2025-26/038** दिनांक–18.05.2025 से समर्पित किया गया, जिसकी समीक्षा अधीक्षण अभियंता, बाढ नियंत्रण योजना एवं मोनिटिरिंग अंचल, पटना द्वारा की गयी एवं पाया गया कि कार्य को ससमय पूर्ण करने हेतु विभागीय पदाधिकारियों द्वारा दिये गये निदेश के बावजूद कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने की दिशा में संवेदक द्वारा सम्यक प्रयास नहीं किया गया, साथ हीं क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षण में कार्य स्थल पर निर्माण सामाग्रियो एवं उपस्करो की भी समुचित उपलब्धता नहीं पायी गयी है। परिणामस्वरूप दिनांक–19.05.2025 तक कार्य की प्रगति मात्र 53 प्रतिशत हीं है।

यह संवेदक की कर्तव्यहीनता एवं कार्य के प्रति घोर लापरवाही की मंशा को परिलक्षित करता है।

अतः इस कार्य को पूर्ण होने तक संवेदक **TRIBENI CONSTRUCTIONS LTD, MD:- SRI DEEPAK AGARWAL, NEW TOWN SQUARE OFFICE NO 4B, CNINAR PARK NEW TOWN RAJARHAT, KOLKATTA** (निबंधन सं0–12/2020, श्रेणी–प्रथम) को डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित/डिबार किया जाता है।

ह0/–
(शरद कुमार)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

ज्ञापांक : ............................................................पटना/दिनांक :.............................................................

प्रतिलिपि :– **TRIBENI CONSTRUCTIONS LTD, MD:- SRI DEEPAK AGARWAL, NEW TOWN SQUARE OFFICE NO 4B, CNINAR PARK NEW TOWN RAJARHAT, KOLKATTA, 700136** को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

2

ज्ञापांक :....................................................../पटना, दिनांक :..................................................

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

ज्ञापांक : 2176 /पटना, दिनांक : 19-05-25

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/सचिव/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग/सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग/सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0, अंचल, पटना/अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0, अंचल–2,3,4, पटना/निदेशक, क्रय भंडार एवं सामग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग/कार्यपालक/अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19/5/2025

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय